प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 07.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

....................

- भारत ने अग्नि–4 बेलेस्टिक मिसाईल का ओडिशा के चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया।
- देशभर में आज गणेश चतुर्थी का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है–गणेश मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता।
- भारतीय वायु सेना का 'तरंग–शक्ति' अभ्यास जोधपुर में जारी।
- प्रदेशभर में कई स्थानों पर बारिश का दौर जारी– मौसम विभाग के अनुसार अगले 2–3 दिन मानसून के सक्रिय रहने की संभावना।

....................

ओडिशा के चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि–4 का कल सफल प्रक्षेपण किया गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि प्रक्षेपण के दौरान सभी परिचालन और तकनीकी मानकों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। यह प्रक्षेपण रणनीतिक बल कमान की ओर से आयोजित किया गया था। यह प्रक्षेपण भारत की रक्षा क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक और मील का पत्थर है। गौरतलब है कि इस वर्ष अप्रैल में ओडिसा तट के नजदीक अब्दुल कलाम द्वीप से नई पीढ़ी की परमाणु क्षमता से लैस अग्नि–प्राइम बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया था। भारत की ओर से विकसित अग्नि मिसाइल लंबी दूरी, परमाणु क्षमता से लैस, सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है।

....................

देशभर में आज गणेश चतुर्थी का त्यौहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के प्रतीक भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। लोग अपने घर में मिट्टी से बनी भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित करते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि आनंद और उत्साह का यह पर्व सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। राष्ट्रपति ने लोगों से एकजुट होकर शांतिपूर्ण और समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लेने को भी कहा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा कि भगवान गणेश बुद्धि, समृद्धि और अच्छे भाग्य के प्रतीक हैं और करोडों लोगों के हृदय में विशेष स्थान रखते हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न गणेश मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। जयपुर में मोती डूंगरी के गणेश जी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु उमड रहे है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर कल जयपुर में मोतीडूंगरी के गणेश जी मंदिर में पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों के लिए अमन चैन और खुशी की प्रार्थना की। सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड जुटी है। त्रिनेत्र गणेश मेले में देर रात से शुरू हुआ दर्शनों का सिलसिला जारी है।

....................

बाड़मेर में इस अवसर पर घरों और प्रतिष्ठानों में गणपति स्थापना की जा रही है तथा गणेश मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। बालोतरा जिले में इस अवसर पर लोगो ने इको फ्रेंडली और गणेश जी की मिट्टी की मूर्तियों को ख़रीदने में उत्साह दिखाया। मूर्तिकारों ने भी प्लास्टर ऑफ पेरिस के साथ मिट्टी की मूर्तियां बनाई। पाली में बल्लालेश्वर मंदिर में सिद्धपीठ गणेश का सिंदूर से विशेष श्रृंगार किया गया और रंग बिरंगी लाइटो और फूलो से मंदिर को सजाया गया। सुबह मंगला आरती के बाद पंचामृत से अभिषेक किया जा रहा है। भीलवाड़ा जिले में स्वयं सेवी संगठनों की ओर से पर्यावरण को बचाने के लिए इस बार इको फ्रेंडली भगवान गणेश की मूर्तियां तैयार की गई है जिन्हें आज शुभ मुहूर्त में स्थापित किया जा रहा है।

....................

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि देश में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। आज भी दुनिया के देशों में भारत पर्यटन का एक बड़ा केंद्र है। आने वाले समय में भारत दुनिया का सबसे बड़ा टूरिज्म मार्केट और डेस्टिनेशन बनने वाला है। श्री शेखावत ने कल जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि भारतीय एस्पिरेशनल क्लास भारत के टूरिज्म की ताकत को इजाफा देने वाली है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा टूरिज्म मार्केट और डेस्टिनेशन बने, इसे लेकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ और होलिस्टिक डेवलपमेंट पर कार्य हो रहा है। श्री शेखावत ने केन्द्र सरकार की ओर से जोधपुर को इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की सौगात दिये जाने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जोधपुर के औद्योगिक विकास के लिए इसे भाजपा के संकल्प पत्र में स्थान दिया गया था। श्री शेखावत आज पोकरण विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। वे बाबा रामदेव की समाधि पर विशेष पूजा अर्चना कर देश और प्रदेश में अमन, चैन व खुशहाली की कामना करेंगे। बाद में श्री शेखावत पोकरण में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे।

....................

भारतीय वायु सेना का सबसे बड़ा अभ्यास 'तरंग–शक्ति' जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पर चल रहा है। अभ्यास के 8वें दिन कल फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ग्रीस के एयरक्राफ्ट के साथ ही भारत के तेजस, सुखोई–30 और जगुआर ने उड़ान भरी। आज ओपन डे रखा गया है। इस दिन वायुसेना की इवेंट टीम एयर वॉरियर ड्रिल टीम हाथ में राइफल लेकर म्यूजिक पर परफॉर्मेंस देगी। विदेशी विमानों को देखकर लोग काफी रोमांचित हुए। इसके अलावा स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर प्रचंड और ध्रुव ने कलाबाजी दिखाई। वहीं लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस ने भी हवा में रोटेट होकर अलग–अलग फॉर्मेशन में कलाबाजियां दिखाकर लोगों को रोमांचित किया।

....................

राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर राजस्थान प्रशासनिक सेवा के 386 अधिकारियों के तबादले किए है। श्री सुरेश चन्द्र को राजस्थान आवासन मण्डल का सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं डॉक्टर वृद्धि चन्द्र गर्ग को उदयपुर के मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय का रजिस्ट्रार बनाया गया है।

....................

प्रदेश में मतदाता मतदाता सूचियों को संशोधित करने और मतदान केंद्रों के पुनर्गठन की प्रक्रिया जारी है। चुनाव प्रकिया को अधिक समावेशी बनाने की कडी में बड़ी संख्या में नागरिकों तक पहुंच बढ़ाने के लिए निर्वाचन विभाग ने इन प्रक्रियाओं में विभिन्न सूचना तकनीक (आईटी) टूल्स का उपयोग करना शुरू कर दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कल जयपुर में आयोजित सेमीनार 'राजस्थान बिजनेस समिटः डीकोडिंग अपरच्यूनिटीज फॉर नेक्स्ट डेकेड' में यह बात कही। श्री महाजन ने सेमीनार के 'ई गवर्नन्सः सर्विस डिलीवरी टू द लास्ट माइल' सत्र के दौरान कहा कि मतदाताओं के नाम सूचियों में शामिल करने से लेकर मतदान और मतगणना तक की पूरी प्रक्रिया में सूचना तकनीक का उपयोग किया जाता है।

....................

प्रदेशभर में मॉनसून सकिय है। कल रात से अधिकांश स्थानों पर बारिश का सिलसिला जारी है। राजधानी जयपुर में सुबह से तेज बारिश होने से सड़कों पर यातायात प्रभावित हुआ और निचले इलाकों में पानी भर गया। इसके अलावा भरतपुर, टोंक में भी कल से ही रूक–रूक कर बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिकांश भागों में आगामी 2–3 दिन मानसून के सक्रिय रहने की संभावना है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि उदयपुर, अजमेर और जयपुर संभाग में इस दौरान कहीं–कहीं भारी बारिश के आसार हैं। जयपुर, दौसा, करौली, टोंक, झुन्झुनू और सवाईमाधोपुर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अत्यधिक बारिश और बाढ़ की सम्भावना को देखते हुए अजमेर जिले के स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए आज अवकाश घोषित किया गया है। बालोतरा जिले के पाटौदी और गिड़ा तहसील क्षेत्र में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई, जिससे बाजरे की फसल को नुकसान पहुंचा है। भारी बारिश के कारण रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि मारवाड–खंबली घाट रेलगाड़ी और खंबली घाट– मारवाड रेलगाडी को आज रद्द किया गया है।

....................

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने पेरिस पैरालंपिक में कल पुरुषों की ऊंची कूद टी–64 में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने पर प्रवीण कुमार को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पूरा देश प्रवीण कुमार के

खेल प्रदर्शन से गौरवान्वित हुआ है। श्री बागडे ने भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के जारी रहने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि देश को अपने खिलाड़ियों पर गर्व है।

....................

प्रदेशभर में आमजन के गुमशुदा या चोरी हुए मोबाईल फोन की तलाशी के लिए जुलाई—अगस्त माह में पुलिस मुख्यालय की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस महानिदेशक, साइबर अपराध और एसएसीआरबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि मोबाईल चोरी होने या खोने के सम्बंध में आमजन द्वारा दर्ज शिकायतों के सम्बंध में सभी जिलों में पुलिस अधीक्षकों को इस बारे में अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे, जिससे ज्यादा से ज्यादा मोबाईल ट्रेस कर उनके धारकों को लौटाए जा सके। उन्होंने बताया कि इस दौरान 4 हजार 864 गुमशुदा मोबाईल ट्रेस करने में सफलता मिली है, ये मोबाईल जिला पुलिस अधीक्षकों के माध्यम से शिकायतकर्ता धारकों को लौटा दिए गए है। श्री प्रियदर्शी ने आम लोगों को सलाह दी है कि यदि भविष्य में मोबाईल चोरी हो जाये या गुम हो जाए तो वे उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट सम्बंधित थाने पर दे या फिर राजस्थान पुलिस के पोर्टल पर इसकी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराए। उन्होंने बताया कि गुमशुदा मोबाईल को ट्रेस करने की सफलता के बाद इस प्रक्रिया को आगे भी जारी रखा जाएगा।

....................